# मुख्यमंत्री साय ने बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में 192.60 करोड़ रूपए की लागत के 108 कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

रायपुर। आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा आज बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के राजपुर में आयोजित 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 192 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत के 108 विकास कार्यों का भूमिपूजन, शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। उन्होंने जिलेवासियों को विकास कार्यो के लिए शुभकामनाएं दी। विकास कार्यो में 97 लाख 57 हजार रुपए के 5 कार्यों का लोकार्पण तथा 191 करोड़ 63 लाख रुपए के 103 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

मुख्यमंत्री ने जिले से गुजरने वाली प्रमुख सडक़ों के मजबूतीकरण, राजपुर के नवापारा और वाड्रफनगर में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के नवीन भवन, स्कूल और छात्रावास के नवीन भवन के निर्माण कार्य, छात्रावास आश्रमों में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण, जलाशयों के जीर्णोद्धार, आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण, बलरामपुर तामेश्वर नगर हवाई पट्टी के उन्नयन के कार्यों का भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री ने जिन कार्यों का भूमिपूजन किया, उनमें 33.10 करोड़ रूपए की लागत से कुसमी-सामरी तक 16.60 किलोमीटर सडक़ के उन्नयन एवं मजबूतीकरण का कार्य, 33.95 करोड़ रूपए की लागत से राजपुर ग्राम नवापारा में और 28.96 करोड़ रूपए की लागत से वाड्रफनगर में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के नवीन भवन का निर्माण कार्य, 14.18 करोड़ रूपए की लागत से बसंतपुर रामनगर मार्ग में 14 किलोमीटर सडक़ उन्नयन का कार्य, बलरामपुर-रामानुजंगज के लरंगसाय चौक से रिंगरोड एवं पावर हाऊस से जय स्तंभ चौक, 3.81 करोड़ रूपए की लागत से भारत माता चौक से रेस्ट हाऊस एवं जय स्तंभ तक 5.825 किलोमीटर मार्ग का मजबूतीकरण, 13.16 करोड़ रूपए की लागत से जिले में अम्बिकापुर धनवार-वाराणसी मार्ग पर 11.60 किलोमीटर सडक़ का उन्नयन, 4.07 करोड़ रूपए की लागत से बलरामपुर (तामेश्वर नगर) हवाई पट्टी का उन्नयन एवं सुधार कार्य, 2.16 करोड़ रूपए की लागत से बलरामपुर-रामानुजगंज के महाराजगंज-पचावल 4 किलोमीटर मार्ग का मजबूतीकरण के कार्य प्रमुख हैं।

इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने 1.21 करोड़ रूपए की लागत से बरियों में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन के निर्माण, 67-67 लाख रूपए की लागत से नीलकंठपुर और लुरगीखुर्द शासकीय माध्यमिक शाला भवन के निर्माण कार्य, 3 करोड़ रूपए की लागत से छात्रावास-आश्रमों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के 29 कार्य, 60-60 लाख रूपए की लागत से पीवीटीजी बसाहटों में पीएम जनमन योजना अंतर्गत 9 बहुउद्देशीय केन्द्र भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। पीवीटीजी बसाहटों - शंकरगढ़ विकासखण्ड के आमाकोना ग्राम पोंड़ीखुर्द, कुसमी विकासखण्ड के ढोढ़ाचॉपी ग्राम पंचायत भुलसीखुर्द, महुआटोली ग्राम चरहु, खासपारा ग्राम पेंडारडीह, भुताही ग्राम पुन्दाग, रजुआढोढ़ी ग्राम पोंडीखुर्द, पतरापारा ग्राम भोंदना, जम्होर और शंकरगढ़ विकासखण्ड के दशनी कोरवापारा ग्राम खैरडीह में बनने वाले एक-एक बहुउद्देशीय केन्द्र भवन का भूमिपूजन किया।

इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने 2.75 करोड़ रूपए की लागत से शंकरगढ़ के धारानगर हायर सेकेण्डरी स्कूल में बालक छात्रावास निर्माण, 1.86-1.86 करोड़ रूपए की लागत से सामरी और बरियों के हायर सेकेण्डरी स्कूल में बनने वाले 50-50 सीटर बालक छात्रावास निर्माण कार्य, 39.01 करोड़ रूपए की लागत से बदौली जलाशय, करवां जलाशय, मुरका जलाशय, जगिमा जलाशय, झिक्की व्यपवर्तन योजना, खर्रा जलाशय, कोट व्यपवर्तन योजना, कोरंधा जलाशय, उलियाबांध एवं नहर के जीर्णोद्धार तथा बांकी नदी व्यपवर्तन योजना के निर्माण का भूमिपूजन किया। बांकी नदी व्यपवर्तन योजना का निर्माण 16.41 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सामरी रामानुजगंज और प्रतापपुर 4.79 करोड़ रूपए की लागत से 41 नवीन आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

**स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 5 कार्यों का लोकार्पण-** मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 97 लाख रूपए की लागत के 5 कार्यों का लोकार्पण किया। इन कार्यों में 24 लाख रूपए की लागत से कुसमी विकासखण्ड के हर्री में निर्मित नवीन उप स्वास्थ केन्द्र भवन, जिला चिकित्सालय बलरामपुर में 25 लाख रूपए की लागत से निर्मित पीडियाट्रिक केयर यूनिट, विकासखण्ड रामानुजगंज के ग्राम बुद्धुटोला में 23 लाख रूपए की लागत से निर्मित शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरगढ़ में 13 लाख रूपए की लागत से निर्मित 10 बिस्तरीय अतिरिक्त वार्ड और जिला चिकित्सालय बलरामपुर में 9 लाख रूपए की लागत से निर्मित मितानिन शेल्टर शामिल है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर शारदीय नवरात्रि में प्रमुख चिन्हांकित स्थानों पर लगेंगे चिकित्सा शिविर

**रायपुर (आरएनएस)।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शारदीय नवरात्रि के दौरान प्रदेश के प्रमुख चिन्हांकित स्थलों पर आमजनों की सुविधा हेतु चिकित्सा शिविर लगाए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। निर्देश का पालन करते हुए आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के द्वारा प्रदेश के सभी संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक को पत्र जारी किया है। इसके अनुसार तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि का पर्व आरंभ हो रहा है। प्रदेश में नवरात्रि के पर्व में आमजनों द्वारा पंचमी से लेकर दशहरा तक आम दिनों की तुलना में ज्यादा आवागमन होता है। अत: स्वास्थ्य विभाग को ऐसे भीड़-भाड़ वाले स्थानों का चिन्हांकन करते हुए जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर विकासखण्ड स्तर पर चिकित्सा शिविर का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही सभी प्रमुख चिन्हांकित स्थलों में समुचित चिकित्सा एवं अन्य स्टॉफ, पर्याप्त औषधियां, 24 घंटे एम्बुलेंस तथा प्रचार-प्रसार की सामग्री सहित अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### दीपका खदान में ड्रिल मशीन में लगी आग

❒ कार्य के दौरान हुई घटना, आपरेटर बाल- बाल बचा

**कोरबा (आरएनएस)।** दीपका खदान में कार्य के दौरान कोयला फेस में लगी ड्रिल मशीन में अचानक आग लग गई। घटना में आपरेटर ने कूद कर जान बचाई। दमकल के स्थल पर पहुंचने तक पूरी मशीन आग में जल कर खाक हो गई। साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड (एसईसीएल) की दीपका खदान में मंगलवार को प्रथम पाली में दोपहर 12 बजे घटना हुई। खदान के अमगांव कोयला फेस में 150 एमएम क्षमता वाली 506 नंबर की ड्रिल मशीन में आपरेटर ओमप्रकाश ब्लास्टिंग के लिए जमीन में ड्रिल कर रहा था। इसी दौरान अचानक मशीन से धुआं निकलने लगा। धुआं देख आपरेटर कुछ समझ पाता, इसके पहले ही मशीन में आग लग गई। तब आपरेटर ने कूद कर अपनी जान बचाई और वहां उपस्थित अन्य कर्मियों के साथ आग बुझाने का प्रयास किया। साथ ही घटना की सूचना विभागीय दमकल व शिफ्ट इंचार्ज को दी। स्थल पर जब तक दमकल पहुंच पाती, तब तक मशीन जल कर पूरी तरह खाक हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी स्थल पर पहुंचे और अपने स्तर जांच किए। प्रबंधन ने घटना को लेकर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। प्रबंधन का कहना है कि जांच के बाद ही आग लगने की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### सड़क सुरक्षा के उपाय नहीं करने पर उपक्रमों को लगाई फटकार

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले की सडक़ों पर बढ़ती सडक़ दुर्घटना की रोकथाम के लिए जिला कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय सडक़ सुरक्षा समिति की एक बैठक आहूत हुई। उक्त बैठक में एडीएम दिनेश कुमार नाग की अध्यक्षता में दुर्घटना, पुलिस कार्यवाही, ब्लैक स्पॉट, सडक़ सुधार, परिवहन विभाग की कार्यवाही, यातायात जनजागरूकता कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी पर चर्चा हुई। इसमें मुख्य रूप से 2 माह पहले हुई समिति की बैठक में दिए गए सडक़ सुरक्षा के उपाय के निर्देश पर प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान एसईसीएल ने दीपका के गौरव पथ व हरदीबाजार के सरईसिंगार तिराहा पर गड्?ढों को नहीं भरने पर फटकार लगाई। बालको-परसाभाठा चैक से बजरंग चैक तक सीसी कैमरा लगाने के संबंध में बिजली विभाग व पीडब्ल्यूडी से एनओसी की प्रक्रिया बाकी होने की जानकारी मिली।अधिकारियों ने सडक़ सुरक्षा के उपाय नहीं करने पर उपक्रमों को हिदायत देते हुए निर्देशित कार्यों को जल्द पूरा कराने हिदायत दी।

## अंतर्राज्यीय ड्रग्स गिरोह का सरगना निकला नाइजीरियन, 7 गिरफ्तार

रायपुर। आरएनएस



एमडीएमए ड्रग्स के अंतर्राज्यीय गिरोह का पुलिस ने आखिरकार खुलासा कर दिया है। गिरोह के चार सदस्य सप्ताह भर पूर्व राजधानी रायपुर के कमल विहार इलाके में पकड़े गए थे, वहीं गिरोह के तीन अन्य सदस्यों को दिल्ली और हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया है।

गिरोह का मास्टरमाइंड एक नाइजीरियन है, जिसे दिल्ली के उत्तम नगर से गिरफ्तार गया है, वहीं अन्य दो आरोपियों को कसोल एवं मनाली से गिरफ्तार किया गया है। इन तीनों आरोपियों को रायपुर लाया गया है। इस तरह पुलिस ने ड्रग्स रैकेट में शामिल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी संतोष सिंह ने पुलिस कंट्रोलरूम में इस मामले का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि एसीसीयू अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल एवं थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम ने 23 एवं 25 सितंबर को एमडीएमए ड्रग्स रैकेट में शामिल 4 आरोपियों को कमल विहार सेक्टर 4 ऑक्सीजोन के पास गिरफ्तार किया था। इनमें शुभम सोनी, अभिषेक साहू, सोनू अग्रवाल एवं आर्यन ठाकरे हैं। आर्यन रायपुर में ड्रग्स सप्लाई किया करता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 पैकेट चरस, 98 एमडीएमए टैबलेट, 65 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स (कोकीन), पिस्टल 1, मैगजीन 1, स्मार्ट मोबाइल 2, इलेक्ट्रानिक तौल मशीन 1, खाली कैप्सूल एवं प्लास्टिक के कैप्सूल 100-100 बरामद किए थे। जब्त ड्रग्स व सामग्री की कीमत करीब 16 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस को इस कार्रवाई के बाद आरोपियों से पूछताछ में रैकेट का मुख्य तस्कर से लेकर अन्य आरोपियों के तार दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में जुड़े होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम को दोनों राज्यों के लिए रवाना किया गया था, जहां मुख्य तस्कर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस टीम ने रायपुर में गिरफ्तार हुए ड्रग्स सप्लायर आर्यन ठाकरे की निशानेदही पर पहले हिमाचल प्रदेश के मनाली, कसोल स्थित एप्पल पाई होटल में दबिश दी। इस होटल का संचालक अमनदीप सिंह छाबड़ा इस रैकेट से जुड़ा हुआ है। पूछताछ पर कसोल में ही बेस्ट एवं मस्ट नामक दुकान जहां हुक्का पॉट बिक्री किया जाता है, का संचालक अशोक यादव 30 वर्ष से वह चरस तथा नाइजीरियन इनोसेंट से एमडीएमए एवं एमडी ड्रग्स खरीदी करता है। पुलिस ने इसके खरीदी करता है। पुलिस ने इसके बाद अशोक को भी उसकी दुकान से गिरफ्तार किया। अमनदीप और अशोक दोनों मूलत: छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। अशोक सालेगोरी थाना लोरमी जिला मुंगेली एवं अमनदीप देवेंद्र नगर रायपुर का निवासी है। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 21 बी नारकोटिक एक्ट 25 आम्र्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही है।

## मुख्यमंत्री साय ने चाक पर दिखाई कलाकारी, बनाई मिट्टी की कटोरी

रायपुर। आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम परिसर में गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित खादी और ग्रामोद्योग विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने चाक पर अपनी कलाकारी दिखाते हुए मिट्टी की कटोरी बनाई और स्थानीय बुनकरों द्वारा तैयार गोदना पेंटिंग वाली कोसा साड़ी भी खरीदी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की प्रदर्शनी, स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन सहित कई गतिविधियों का आयोजन किया गया था। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने जिला प्रशासन रायपुर के मलेरिया और डेंगू की रोकथाम के लिए अभियान का शुभारंभ किया और साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होने वाले सैन्य प्रदर्शनी में शामिल सैन्य वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**मुख्यमंत्री ने एआई तकनीक से कराई टीबी की जांच-** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एआई तकनीक से टीबी की जांच कराई और 2 मिनट में ही उनका रिपोर्ट प्राप्त हो गया। मुख्यमंत्री जांच में सामान्य पाए गए। उन्होंने जिला प्रशासन के इस विशेष पहल की सराहना की और कहा अधिक से अधिक लोगों टीबी की जांच करें ताकि इसका प्रभावी रोकथाम हो सके।

## मुख्यमंत्री ने गांधी जयंती के अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग विभाग के प्रदर्शनी का किया अवलोकन

रायपुर। आरएनएस

छत्तीसगढ़ में खादी वस्त्रों की खरीद पर 25त्न की बड़ी छूट मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज गांधी जयंती के अवसर पर यह बड़ी घोषणा की। मुख्यमंत्री राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्थानीय बुनकरों द्वारा तैयार गोदना आर्ट वाली कोसा की साड़ी भी खरीदी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा की 02 अक्टूबर से लेकर 31 मार्च 2025 तक खादी वस्त्रों की खरीद पर प्रदेशवासियों को 25त्न की बड़ी छूट मिली मिलेगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से खादी वस्त्र खरीदने की अपील की और छूट का लाभ लेने को कहा। साय ने कहा कि बुनकर-कलाकार बहुत मेहनत से खादी वस्त्र तैयार करते हैं और उस पर तरह-तरह की कलाकृतियां भी उकेरते हैं। कई मायनों में यह हमें अपनी संस्कृति से भी जोड़े रखता है। उन्होंने कहा कि देश में खादी वस्त्रों के उपयोग की लंबी परंपरा रही है।

आजादी की लड़ाई के दौर में हमें खादी वस्त्रों के उपयोग का जिक्र मिलता है। कारीगर बहुत मेहनत से इन वस्त्रों को तैयार करते हैं और गांधी जयंती के खास मौके पर आप सभी के लिए यह बड़ी छूट की घोषणा हुई है, आप सभी इसका लाभ उठाएं। इस मौके पर वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ नवरात्रि मेला में 800 से अधिक पुलिसकर्मियों ड्यूटी में तैनात

राजनांदगांव-रायपुर। आरएनएस

दिनांक 03.10.2024 से 12.10.2024 तक मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ क्वांर नवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। इस दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्वालुगण लाखों की संख्या में आने की संभावना है। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं सम्पूर्ण नवरात्रि पर्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों का बल बुलाया गया है जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ, होम गार्ड, यातायात पुलिस शामिल हैं। सम्पूर्ण मेला व्यवस्था को 04 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें लगभग 800 से अधिक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का ड्यूटी लगाया गया है, जिसे क्षीरपानी परिसर में गजेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक, पीटीएस राजनांदगांव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर द्वारा मेला ड्यूटी पर लगे बल को ब्रीफ कर ड्यूटी वितरण किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बाईपास से रामदरबार, सुकुलदैहान, मुसरा होते हुए डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है। उपर मां बम्लेश्वरी मंदिर से निचे मां बम्लेश्वरी मंदिर तक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार का परेशानियों का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर अति0पु0अधी0 (ऑप्स) राज0 मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा, डी0सी0 पटेल, अति0पुलिस अधीक्षक एमएमएसी, गोपीचंद मेश्राम, उपुअ रामानुजगंज, डॉ0 संगीता माहिलकर, उप सेनानी, 14वीं वाहिनी, छसबल बालोद, मती तनुप्रिया ठाकुर, आशीष कुंजाम, पु0अनु0अधि0 डोंगरगढ़, उप पुलिस अधीक्षक अजाक राजनांदगांव, मती अंजली येरेवार, उप पुलिस अधीक्षक, पीटीएस राजनांदगांव, अजीत ओगरे, उप पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, अजीत सिंह यादव, 14वीं वाहिनी छसबल बालोद, भरत लाल धुरव, सहायक सेनानी, 08वीं वाहिनी छसबल राजनांदगांव, संतोष झारिया, सहायक सेनानी, एपीटीएस बोरगांव, बद्रीनाथ मिश्रा, सहायक सेनानी, 17वीं वाहिनी छसबल कबीरधाम, संतराम नेताम, सहायक सेनानी, 16वीं वाहिनी छसबल नारायणपुर, गोरखनाथ प्रसाद, सहायक सेनानी, 07वीं वाहिनी छसबल भिलाई एवं जिले एवं अन्य जिले से आये अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## चन्द्रनाहू (चन्द्रा) समिति, रायगढ़ के सामाजिक भवन का होगा अतिशीघ्र लोकार्पण

रायगढ़



चन्द्रनाहू (चन्द्रा) समाज रायगढ़ का मासिक बैठक 29 सितंबर दिन रविवार को निर्माणाधीन भवन में सम्पन्न हुई जिसमें भवन के लोकार्पण के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की गई।

भवन समिति के अध्यक्ष गोरख चन्द्रा ने बताया कि अक्टूबर माह में चन्द्रा समाज के सामाजिक भवन का लोकार्पण हो सकता है।

चन्द्रनाहू (चन्द्रा) समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष भगत चन्द्रा ने बताया कि रायगढ़ शहर में समाज का भवन बनाने का सपना समाज के वरिष्ठों ने काफी पहले से देखा था अब वह सपना साकार होने जा रहा है, शहर के हृदय स्थल ढिमरापुर स्थित लक्ष्मी हाइट के पास वार्ड क्रमांक 4 पर चन्द्रनाहू (चन्द्रा) समाज का भवन निर्माण पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा घोषित राशि से हो रहा है। जब से भगत चन्द्रा को क्षेत्रीय समिति का अध्यक्ष चुना गया है तब से वे लगातार रायगढ़ के चन्द्रा समाज के विकास तथा समाज के भवन निर्माण के प्रति पूर जोर से लगे हुए हैं, वे अपनी समिति तथा भवन निर्माण समिति के सदस्यों के साथ मिलकर भवन निर्माण काफ़ी तेजी से करा रहे हैं, और जब से निर्माण एजेंसी नगर पालिक निगम ने जल्द ही लोकार्पण करने को कहा है तब से काफी तेजी से निर्माण कार्य हो रहा है।।

रायगढ़ चन्द्रा समाज का सामुदायिक भवन को बहुत जल्द लोकार्पण कराकर समाज को सुदर्प किया जाएगा। सामज के लोगों में काफ़ी उत्साह बना है, समाज को भवन मिलने के बाद कई तरफ की कार्यक्रम करने के लिए योजना बनाई जा रही है।

## भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ने मनाया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती

❒ रेडक्रॉस के तत्वाधान में पीएचसी छाल में रक्तदान शिविर आयोजित

रायगढ़



कलेक्टर/अध्यक्ष के आदेशानुसार एवं सचिव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ द्वारा 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 155 वें जन्म दिवस पर गांधी जयंती मनायी गई। कार्यक्रम में संतोष अग्रवाल संरक्षक एवं डॉ.एच.एस. उरांव प्रभारी अधिकारी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा रायगढ़ द्वारा बापू जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के अहिंसा धर्म को पालन करते हुए देश को स्वतंत्रता दिलाने हेतु उनके द्वारा किये गये विभिन्न आंदोलनों एवं महान कृत्यों को याद किया गया। उक्त कार्यक्रम में कार्यालय के लेखापाल आर.के. दुबे. के साथ चन्द्रमणी गुप्ता एवं गिरिजाशंकर प्रधान उपस्थित रहे।

छाल में रक्तदान शिविर आयोजित

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ द्वारा लायंस क्लब छाल ब्लेक डायमण्ड के संयुक्त तत्वाधान में एवं किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छाल विकासखण्ड धरमजयगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन संतोष अग्रवाल संरक्षक भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ के द्वारा लायंस क्लब छाल के प्रमुख लायंस सजन अग्रवाल से समन्वय स्थापित कर राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर किया गया।

उक्त शिविर में जिला चिकित्सालय चिकित्सकीय दल द्वारा सेवाएं प्रदान की गई जिसमें कुल 17 व्यक्तियों द्वारा 17 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब छाल के अध्यक्ष गौतम कुलदीप, सचिव शरद यादव, संयोजक आशीष पटेल, ललेश अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ से चन्द्रमणी गुप्ता एवं चिकित्सकीय दल से ए.एस. अफजल, जय पटेल, राजीव लोचन पटेल, दीपक कुमार साहू, अनामिका यादव, गोपेश्वरी राठिया का सहयोग रहा। शिविर के अन्त में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी रायगढ़ द्वारा लायंस क्लब छाल ब्लेक डायमण्ड को रक्तदान शिविर के सफल आयोजन हेतु प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अत: शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU